# CLASS NOTES-ANSWERS

## अभ्यास

### पाठ ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क)मंत्री ने युवक के बारे में क्या बताया ?

उत्तर: मंत्री ने उस युवक के बारे में बताया कि उसने इस युवक को हजारों में से छाँटा है और बढ़िया नौकरी छुडाकर लाया है।

(ख)कोठरी में कौन से लिफ़ाफ़े रखे थे ?

उत्तर: कोठरी में बादशाह के निजी पत्र रखे थे। उन पत्रों के लिफाफे पर सोने की पच्चीकारी थी और रत्न जेड थे। ये लिफाफे विवाह आदि के शुभ अवसरों पर दूसरे बादशाहों और अमीर उमरावों के यहाँ से आए थे।

(ग)बादशाह ने युवक को कितना वेतन देने का निशचय किया?

उत्तर: बादशाह ने युवक को पन्थ्रह रुपए वेतन देने का निशचय किया।

लिखित

(क)युवक ने बादशाह के सामने सजावट केलिए क्या सफाई दी?

उत्तर: युवक ने बादशाह के सामने सजावट केलिए सफाई दी कि यह सजावट उसने यहीं के पैसों से की है। उसने रद्दी लिफाफों की कहानी सुनाई और खजांची से गवाही दिलाई और सामान खरीदने के बाद बचे हुए रूपए खजाने में जमा करा दिए।

(ख)बादशाह ने रात के दो बजे सेनापति को क्या हुक्म दिया?

उत्तर: बादशाह ने रात के दो बजे सेनापति को हुक्म दिया कि दरबार के सभी मंत्रियों को उनके घरों से उठाकर इस कमरे में ले आओ। वे जिस हालत में हों, उसी हालत में लाए जाएँ।

(ग)वित्त्मंत्री रात के दो बजे किन कागजों में उलझे हुए थे?

उत्तर: वित्तमंत्री रात के दो बजे कुछ कागजों में उलझे हुए थे। राजा के पूछने पर उन्होंने बताया कि इस साल के राजकर में एक पैसा काम आया है जो या तो उनकी भूल है या सचमुच पैसा कम है।

(घ)बादशाह ने युवक को अपना प्रधान्मंत्री क्यों बनाया?

उत्तर: जब वित्तमंत्री राजकर में पैसे की कमी को जाँच रहे थे तब राजा ने अपने पास से एक पैसा देकर कमी को पूरा करना चाहा। तब वित्तमंत्री ने नम्रतापूर्वक पैसा वापस केरते हुए कहा कि यदि पूछताछ न हुई तो अफसरों में ढील और बेईमानी पैदा होगी। बादशाह वित्तमंत्री के उत्तर से प्रसन्न हुए और युवक को अपना प्रधानमंत्री बना लिया।

1) उचित शब्द भरकर वाक्य पूरे करो।

(क)मुझे अपने बादशाह की सेवा करने का मौका मिलेगा ।

(ख)उस कार्यालय में एक छोटी सी कोठरी थी।

(ग)युवक ने उसकी जाँच -पड़ताल की।

(घ)चुगलखोरों ने बादशाह से उसकी शिकायत की।

(ङ)बादशाह ने युवक को अपना प्रधानमंत्री बना लिया।

2) किसने कहा? किससे कहा?

(क)मैंने इसे हजारों में से छाँटा है। मंत्री ने राजा से कहा।

(ख)तुमने सजावट किसके रूपए से की। राजा ने युवक से कहा।

## भाषा ज्ञान

1) पढो और समझो।

नीचे दिए पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों का मिलान करो।

| | | |
|---|---|---|
| युवक | - | युवती |
| बादशाह | - | बेगम |
| हाथी | - | हथिनी |
| बैल | - | गाय |

THE GARDEN SCHOOL Anakkal Kanjirappally 686 508

चूहा - चुहिया

2) इस शब्द जाल में से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखो।

(क)जो किए गए उपकार को माने -कृतज्ञ

(ख)जो खजाने की देख-रेख करे -खाजांची

(ग)जो विश्वास के योग्य हो -विश्वसनीय

(घ)जो इधर की बात उधर करे -चुगलखोर

(ङ)जो सरकारी आय व्यय की देख-रेख करे -वित्तमंत्री

THE GARDEN SCHOOL ★ Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508 ★